# एक हजार करोड़ से लगेगी सोलर प्लांट फैक्ट्री

## 400 बीघा में फैक्ट्री के लिए निर्माण शुरू, दो हजार लोगों को मिल सकेगा रोजगार

मनोज जादौन • जागरण

**अलीगढ़** : जिले के लिए अच्छी खबर है। अविकसित क्षेत्रों में फैक्ट्रियां लगाने के प्रशासनिक प्रयासों को सफलता मिल रही है। फरीदाबाद की एडीएम सोलर पावर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड दादों में क्षेत्र में सोलर प्लांट बनाने वाली फैक्ट्री शुरू करेगी। एक हजार करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। चार सौ बीघा जमीन खरीद ली गई है, जिस पर निर्माण शुरू हो चुका है। 2027 में काम पूरा होगा। फैक्ट्री में करीब दो हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इस परियोजना को उद्योग विभाग ने यूपी जीसीबी के लिए प्रस्तावों में शामिल किया है।

अभी तक यमुना एक्सप्रेस वे के निकट के क्षेत्रों में फैक्ट्रियों के लिए जमीन की मांग थी, मगर प्रशासन अन्य क्षेत्रों के विकास के लिए भी प्रयास कर रहा था। दादों क्षेत्र गंगा नदी से लगता है। अब दादों-सांकरा मार्ग पर गांव मकनपुर के निकट इस फैक्ट्री से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, उपयोगी वस्तुओं की दुकान व अन्य स्वरोजगार के द्वार खुलेंगे। जनरल मैनेजर रमेश कुशवाह के अनुसार उच्च क्षमता वाले सोलर पैनल व सैल का निर्माण किया जाएगा। कंपनी 77 वर्ष का अनुभव रखती है। 1948 से सोलर प्लेट व अन्य संयंत्र का फरीदाबाद में निर्माण किया जा रहा है।

- परियोजना यूपी जीसीबी के लिए प्रस्तावों में शामिल
- दादों में पहली फैक्ट्री, क्षेत्र का होगा तेजी से विकास



दादों-सांकरा मार्ग स्थित मकनपुर गांव के निकट विकसित की जा रही फैक्ट्री व साइट कार्यालय • सौ. इंटरनेट मीडिया

**01** वर्ष में पूरा होगा निर्माण कार्य

**77** वर्ष पुरानी फरीदाबाद की कंपनी कर रही निवेश

अलीगढ़ में औद्योगिक वातावरण है। इसलिए हम सोलर प्लांट तैयार करने वाली इकाई लगाने जा रहे हैं। इसमें एक हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। फैक्ट्री निर्माण का काम प्रारंभ हो गया।



**- पीके यादव**, चेयरमैन, एडीएम सोलर पावर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड

### जीबीसी के लिए 5384 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) व उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट की प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। जिले को इस वर्ष 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है। अब तक 5384 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। इनमें 150 निवेशक शामिल हैं। 56 निवेशकों ने 4,360 करोड़ रुपये के एमओयू कर दिए हैं। पहली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट वर्ष 2018 में हुई थी। तब डिफेंस इंडस्ट्री कारिडोर की घोषणा की गई थी। इसके अलीगढ़ नोड में वेरीविन डिफेंस कंपनी रिवाल्वर, माउजर, बंदूक बना रही है। इन छोटे हथियारों के अलावा रडार सिस्टम विकसित किया जा रहे हैं। सेना की वर्दी, रक्षा हथियारों में प्रयोग किए जाने वाले संयंत्र व कलपुर्जे भी बनाए जाएंगे। 22 निवेशकों ने निवेश किया है। 2019 में हुई यूपी इन्वेस्टर समिट में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया था। वर्ष 2023 में पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव दिए थे। 2024 में हुई समिट में 408 निवेशकों ने 6,482 करोड़ रुपये का निवेश किया। इनमें 175 निवेशकों के एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में शामिल किए गए। इनमें से 150 निवेशकों की फैक्ट्रियां शुरू हो चुकी हैं। 25 निवेशकों की फैक्ट्रियां अभी लगना शेष हैं।